Jain Irrigation Systems Ltd.
Small Ideas. Big Revolutions.®

"Leave this world better than you found it."
Founder - Bhavarlal H. Jain (1937 - 2016)

गुणवत्ता, पर्यावरण, व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीति

हम समुचित गुणवत्ता, पर्यावरण व व्यवसायिक सुरक्षा एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के द्वारा संपूर्ण ग्राहक संतुष्टि प्राप्त करने, उत्पादन व सेवाओं में उत्कृष्ट गुणवत्ता लाने, बाजार में नेतृत्व बनाये रखने, पर्यावरण की रक्षा व सुधार करने तथा सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थिती प्रदान करने के लिए प्रतिबध्द हैं।

हम इस प्रतिबध्दता का पालन निम्नलिखित प्रकार से करते हैं :

१) गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का उत्पादन तथा प्रतिस्पर्धी एवं उचित मूल्य में, निहित कालावधी में, उनकी आपूर्ति, संस्थापन तथा सेवा।

२) दुर्लभ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण व हरित आवरण में वृध्दि।

३) पर्यावरण की सुरक्षा, जिसमें प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण और अन्य विशिष्ट प्रतिबध्दता के संदर्भ में सुधार शामिल हैं। इसमें प्रक्रिया अपशिष्ट का न्यूनतम उत्पादन और संसाधनों का स्थायी उपयोग शामिल होगा।

४) खतरों को समाप्त करके, व्यवसायिक स्वास्थ्य सुरक्षा जोखिमों को कम करके और ठेकेदारों और बाहरी स्त्रोत से सेवाएं प्रदान करनेवाली एजेंसियों सहित खरीद प्रक्रिया में स्वास्थ्य और सुरक्षा को एकीकृत करके कार्य संबंधित शारीरिक हानि व बीमार स्वास्थ्य की रोकथाम।

५) प्रशिक्षण, प्रदर्शन, अन्य संचार विधियों और कार्य निष्पादन मूल्यांकन के माध्यम से सभी सहयोगियों की भागीदारी और गुणवत्ता, पर्यावरण, व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के बारे में उनकी जागरुकता के बारे में परामर्श और सक्रिय भागीदारी।

६) वर्तमान में लागू कानूनी और अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति, जो गुणवत्ता, पर्यावरण, व्यवसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित हैं।

७) गुणवत्ता, पर्यावरण, व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रदर्शन में निरंतर सुधार, उद्देश्यों की समीक्षा व आर्थिक रुप से व्यवहार्य प्रौद्योगिकियों का स्वीकरण।

इस नीति को संगठन के भीतर बताया, समझाया व लागू किया गया है। यह नीति सार्वजनिक और इच्छुक पक्षों को अनुरोध पर उपलब्ध करायी जायेगी।

अजित बी. जैन
संयुक्त प्रबंध निदेशक

दिनांक ०१ दिसम्बर २०१८